(i) Printed Pages : 4]

(ii) Questions : 4]

Roll No. ................................

**Sub. Code : 0 4 0 5**

**Exam. Code : 0 0 0 5**

# B.A./B.Sc. (General) 5th Semester Examination

# 1127

## HINDI

## Paper : Elective

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 90**

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सटीक एवं स्पष्ट उत्तर लिखिए।

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) (i) "आ गये हम पार, तुम उस पार हो;

यह पराजय या कि जय किसकी हुई ?

व्यंग्य, पश्चाताप, अन्तर्दाह का

अब विजय-उपहार भोगो चैन से।"

(ii) युद्ध की ललकार सुन प्रतिशोध से
दीप्त हो अभिमान उठता बोल है;
चाहता नस तोड़कर बहना लहू,
आ स्वयं तलवार जाती हाथ में।

(iii) "महाभारत नहीं था द्वन्द्व केवल दो घरों का,
अनल का पुंज था इसमें भरा अगणित नरों का।
न केवल यह कुफल कुरुवंश के संघर्ष का था,
विकट विस्फोट यह सम्पूर्ण भारतवर्ष का था।

(iv) इस काल-गर्भ में किन्तु, एक नर ज्ञानी
है खड़ा कहीं पर भरे दृगों में पानी,
रक्ताक्त दर्प को पैरों-तले दबाये,
मन में करुणा का स्निग्ध प्रदीप जलाये। 2×6=12

(ख) 'कुरुक्षेत्र' खण्ड काव्य के नायक आपके अनुसार युधिष्ठिर है या भीष्म ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'कुरुक्षेत्र' खण्ड काव्य का संदेश क्या है ? विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए। 15

**(भाग-क)**

2. काव्य की विभिन्न परिभाषाओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

गीतिकाव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 15

**(भाग-ख)**

निबन्ध के विभिन्न तत्वों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

जीवनी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके तत्वों का सामान्य परिचय दीजिए। 15

3. निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं **तीन** की परिभाषा देते हुए उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए :

(i) अनुप्रास

(ii) अतिशयोक्ति

(iii) प्रतीप

(iv) वक्रोक्ति

(v) उत्प्रेक्षा

(vi) रूपक 6×3=18

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द सीमा लगभग 50 शब्दों में होनी चाहिए :

(i) महाकाव्य और खण्ड–काव्य में कोई **दो** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ii) संस्मरण के किसी **एक** तत्व का वर्णन कीजिए।

(iii) 'कुरुक्षेत्र' के द्वितीय सर्ग के कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'कुरुक्षेत्र' की मुख्य समस्या कौनसी है ?

(v) युद्ध जीत जाने के बाद भी युधिष्ठिर परेशान थे। क्यों ?

(vi) निबन्ध की परिभाषा स्पष्ट कीजिए। $5 \times 3 = 15$